Azadi Ka Amrit Mahotsav

# एनसीएमआरडब्ल्यूएफ, नोएडा में आईआईएसएफ-2025 के लिए पूर्वावलोकन कार्यक्रम आयोजित

Posted On: 12 NOV 2025 9:57PM by PIB Delhi

राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस), ने विज्ञान भारती (विभा) के सहयोग से आज एनसीएमआरडब्ल्यूएफ, नोएडा में 11वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ-2025) के लिए पूर्वावलोकन कार्यक्रम का आयोजन किया।

आईआईएसएफ-2025 का आयोजन चंडीगढ़ में 6 से 9 दिसंबर, 2025 तक "आत्मनिर्भर भारत के लिए:विज्ञान से समृद्धि" विषय पर किया जाएगा।

इस पूर्वावलोकन कार्यक्रम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के प्रोफेसर ए.डी. राव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अन्य विशिष्ट वक्ताओं में विभा के श्री आशुतोष सिंह, ऑस्ट्रिया के ग्राज़ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के डॉ. टी. सत्यनारायण और एनसीएमआरडब्ल्यूएफ के प्रमुख डॉ. वी.एस. प्रसाद शामिल थे।

अपने संबोधन में वक्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में विज्ञान, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया और राष्ट्रीय विकास एवं स्थिरता के लिए सहयोगी वैज्ञानिक पहलों के महत्व पर बल दिया।

इस पूर्वावलोकन में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के कॉलेज के छात्रों ने भाग लेते हुए एनसीएमआरडब्ल्यूएफ के वैज्ञानिकों से वार्तालाप और केंद्र की उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) सुविधाओं का दौरा किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को वैज्ञानिक अन्वेषण और नवाचार के प्रति प्रेरित करना और अनुसंधान, नवाचार एवं तकनीकी प्रगति की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करना था।

इस कार्यक्रम का समापन चंडीगढ़ में आयोजित होने वाले आईआईएसएफ-2025 को नवाचार और आत्मनिर्भरता के माध्यम से भारत की वैज्ञानिक उत्कृष्टता और सामाजिक प्रगति का उत्सव बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।







****

# पीके/केसी/एसएस/वाईबी

(Release ID: 2189542) Visitor Counter : 47
Read this release in: English , Urdu , Punjabi